<u>समाचार</u>

# भिलाई–दुर्ग में आयोजित प्रिया म्युजिकल क्लासेस कोरबा के प्रतिभावान प्रतिभागियों को सम्मानित किया महापौर ने




कोरबा 17 अक्टूबर 2025 – नित्य धाम कला समिति भिलाई दुर्ग (छ.ग.) में आयोजित राष्ट्रीय गायन, वाद्य प्रतियोगिता में प्रिया म्युजिकल क्लासेस कोरबा के प्रतिभावान प्रतिभागियों को आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सम्मानित किया। उन्होने इन प्रतिभावान प्रतिभागियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे कामना करती हैं कि उनकी प्रतिभा में और अधिक उत्तरोत्तर वृद्धि हों तथा वे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों में अपनी संस्कृति एवं परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए कोरबा का नाम रोशन करें।

प्रिया म्युजिकल क्लासेस के संगीत शिक्षक श्री कन्हैया वैष्णव एवं श्रीमती पिंकी वैष्णव ने बताया कि नित्य धाम कला समिति भिलाई दुर्ग (छ.ग.) में 02 से 12 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय गायन, वाद्य की प्रतियोगिता का भव्यतम आयोजन किया गया था, जिसमें गायन, वाद्य आदि विधाओं में देश के प्रतिभागियों ने भाग लिया, कोरबा के प्रिया म्युजिकल क्लासेस के 14 बच्चों एवं अध्यापिकाओं ने इस प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित अपने कक्ष में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने इन सभी प्रतिभावान प्रतिभागियों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया तथा उन्हें अपनी हार्दिक बधाई दी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रमुख रूप से धर्मेश वैष्णव, अनुभव बासु, पिंकी वैष्णव, योगिता अग्रवाल, पायल वस्त्रकार, बोहिनी शिखा बासु, अभिनव देवांगन, आयुष्मान, अंश सिंह, श्रेयश वैष्णव,

सौम्या सुमन, दीक्षा दास ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया तथा कोरबा को प्रथम लाने विशेष योगदान रहा।